हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 12 मार्च 2026


तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री


4 स्वावलंबी बनने की दिशा में छात्र छात्राएं किया मशरूम की खेती






## खबर संक्षेप

### क्रिकेट सट्टा खाईवाल गगन गिरफ्तार

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा प्रकरण में फरार सट्टा खाईवाल गगन अग्रवाल को हिमालया हाइट्स बैंक कॉलोनी के पास गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ चक्रधरनगर थाने में



ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा से संबंधित अपराध दर्ज था और पुलिस को उसकी करीब एक महीने से तलाश थी। बीते 16 फरवरी को पुलिस टीम द्वारा बोईरदादर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित श्याम फिनाइल उद्योग में छापेमारी कर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करते दो सट्टा खाईवालों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि उक्त स्थान पर विकास अग्रवाल नामक व्यक्ति मोबाइल फोन के माध्यम से क्रिकेट वर्ल्ड कप के इंग्लैण्ड और इटली के मैच पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्रवाई की, जहां विकास अग्रवाल और उसके साथी विनय अग्रवाल फैक्ट्री के एक कमरे में बैठकर तीन मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करते पाए गए। पूछताछ में आरोपी विकास अग्रवाल ने अपने साथी विनय अग्रवाल तथा खरसिया निवासी गगन अग्रवाल के साथ मिलकर सट्टा खाईवाल का काम करना स्वीकार किया था।

### नाबालिग से छेड़खानी आरोपी युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने नाबालिग से छेड़खानी मामले में आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट 9 मार्च को बालिका के परिजनों द्वारा की गई थी। बालिका की मां ने रिपोर्ट में बताया कि 8 मार्च की रात करीब साढ़े 9बजे उनकी नाबालिग बेटी आकाश मांझी 19 के घर सो रोते हुए बाहर आई और बताया कि आकाश मांझी उसका हाथ पकड़कर जबरन खींचते हुए ले गया था। घरवालों की आवाज सुनकर उसे छोड़ दिया। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक 14 को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक शनिवार 14 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस दौरान संघ के रूपरेखा एवं कार्य योजना पर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक शनिवार 14 मार्च को राजधानी रायपुर के महामाई पारा में रखी गई है। कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष पद की नियुक्ति मछुआरा समिति के कार्य योजना पर चर्चा समेत संगठन बिस्तर पर भी बातचीत होगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआरा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायगवाल मछुआरा संघ के महासचिव ओम प्रकाश धीवर कोषाध्यक्ष बुधराम धीवर संयुक्त सचिव नवीन धीवर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी मछुआरा संघ के संयुक्त सचिव नवीन धीवर ने दी है।

### मोतियाबिंद का होगा निःशुल्क ऑपरेशन, पंजीयन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क सर्जरी राष्ट्रीय आयुष्मान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उक्त शिविर में जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने और वापस लाने की निःशुल्क आवागमन व्यवस्था की गई है। शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों को अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 20 मार्च तक जिला कार्यालय समाज कल्याण, में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा।

---

### टर्मिनल के बाद सुविधा के लिए बस स्टॉप के साथ यात्री प्रतीक्षालय बनाने की योजना

# शहर की चारों दिशाओं में बनेगा पिकअप पॉइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का रास्ता साफ होने के बाद अब शहर के चारों दिशाओं में पिकअप पॉइट बनाने की तैयारी भी की जाएगी। कारण अंतरराज्यीय बस टर्मिनल दूर होने की वजह से किसी यात्री को किसी तरह की असुविधा न हो इसका भी ख्याल करना जरुरी है। यह मुद्दा मंगलवार को निगम में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में भी उठा था। इस दौरान ही चारों दिशाओं में पिकअप पॉइट बनाने का सुझाव दिया गया था। निगम के अधिकारियों ने भी इस पर अमल करने की तैयारी कर रहे हैं।

दरअसल अंतरराज्यीय बस टर्मिनल का निर्माण वर्तमान में संचालित सारंगढ़ बस स्टैंण्ड में किया जाएगा। यह ढिमरापुर, केवड़ाबाड़ी बस स्टैंण्ड, भगवानपुर, कोतरा रोड, चक्रधर नगर चौक समेत अन्य जगहों से काफी दूर है। ऐसे में वहां के यात्रियों को यदि अंतरराज्यीय बस टर्मिनल जाने में काफी दिक्कत हो सकती है। ऐसे हालातों को ध्यान में रखते हुए शहर के कुछ चिंहित



जगहों पर पिकअप पॉइंट के अलावा यात्री प्रतिक्षालय बनाने की योजना बनाई जाएगी। इससे यात्री रात या किसी अन्य कारणों से ठहर भी सकते हैं।

#### नहीं हटेगा पुराने बस स्टैंण्ड

जहां-जहां अभी बस स्टैंण्ड के रुप में संचालित है, वहां से नहीं हटाया जाएगा। हालांकि शहर में केवल एक ही बस स्टैंण्ड वैध तरीके से संचालित है, केवडाबाड़ी बस स्टैंण्ड। इसके अलावा जहां भी बस का ठहराव हो रहा है वह अवैध है। केवड़ाबाड़ी बस स्टैंण्ड में कई तरह का व्यवसाय संचालित है। इन्हीं व्यवसायों से ही उनके परिवार का पालन-पोषण हो रहा है। ऐसे में इन व्यवसायों को किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए योजना बनाई जाएगी। जानकारी मिली है कि केवड़ाबाड़ी बस स्टैंण्ड को मुख्या पिकअप पॉइंट बनाया जाएगा। यहां यात्री प्रतिक्षालय भी है। ऐसे में यहां काफी संख्या में यात्री हाल्ट कर सकते हैं। यहां भोजन से लेकर अन्य सारी सुविधाएं भी मौजूद हैं।

#### ढिमरापुर, चक्रधर नगर सहदेवपाली, कोतरारोड में बनेगा

अंतरराज्यीय बस टर्मिनल निर्माण पूरा होने के पहले ही पूरी प्लांनिंग की जाएगी। जानकारी के अनुसार ढिमरापुर, चक्रधर नगर के आसपास, सहदेवपाली, कोतरारोड और भगवानपुर को एक-एक सेंटर का चुनाव किया जा सकता है। यहां पिकअप पॉइंट के अलावा यात्री प्रतिक्षालय भी बनाया जा सकता है। हालांकि अभी केवल इस तरह की योजनाएं बनाने की बात ही कही जा रही है। चूंकि निगम का काम सभी को पता है, कैसे होता है। ऐसे में यह योजना भी कब तक पूरी होगी इसकी कोई गारंटी नहीं है।

### आज कांग्रेस घेरेगी बीजेपी कार्यालय



**रायगढ़।** कांग्रेस आज बीजेपी कार्यालय का घेराव करेगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बीजेपी द्वारा नशे के कारोबार को संरक्षण देने कें खिलाऊप जिला मुख्यालय में भाजपा कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस जनों की उपस्थिति में एक बैठक कर 12 मार्च को दोपहर 12 बजे बीजेपी कार्यालय घेराव की रूपरेखा तय करने एक बैठक आयोजित की गई एवं घेराव की रणनीती पर गहन चर्चा हुई। दुर्ग जिले के समोदा गांव में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किए जाने का मामला उजागर होने से स्पष्ट हो गया है।

---



## घरेलू गैस की किल्लत की आशंका से प्रशासन हुआ मुस्तैद, आधे दर्जन होटलों में दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरेलू गैस की किल्ल्त की आशंका से प्रशासन भी मुस्तैद हो गया है। ऐसे में बुधवार को आधे दर्जन होटलों में संयुक्त टीम ने दबिश दिया। जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति बनाए रखने तथा उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर आज रायगढ़ शहर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के उपयोग को लेकर विशेष जांच अभियान चलाया गया।

एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा के नेतृत्व में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के विभिन्न होटलों, ढाबों और भोजनालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान आमंत्रण होटल, तुलसी होटल, राजस्थानी भोजनालय, गणगौर स्वीट्स सहित अन्य प्रतिष्ठानों में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के उपयोग की स्थिति का बारीकी से परीक्षण किया गया।





जांच के दौरान अधिकारियों ने प्रतिष्ठान संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडरों के निर्धारित उपयोग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि घरेलू एलपीजी सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू आवश्यकताओं के लिए ही किया जाना निर्धारित है। किसी भी प्रकार से इसका व्यवसायिक उपयोग या दुरुपयोग पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को केवल व्यवसायिक गैस सिलेंडरों का ही उपयोग करने के निर्देश दिए।

#### गैस आपूर्ति की ली जानकारी

निरीक्षण के दौरान टीम ने गैस एजेंसियों द्वारा की जा रही आपूर्ति व्यवस्था तथा सिलेंडरों की उपलब्धता की स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर बल दिया गया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की दैनिक आवक एवं वितरण पर नियमित निगरानी रखी जाए, जिससे आम उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन द्वारा यह भी कहा गया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस की उपलब्धता सामान्य है और आम नागरिकों को घबराने या अनावश्यक रूप से गैस सिलेंडर संग्रहित करने की आवश्यकता नहीं है।

---

# संस्था नहीं अब केवल कॉलेज का नाम ही बदलेगा
# वित्त मंत्री ने लिखी तकनीकी शिक्षा मंत्री को पाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

संस्था नहीं अब केवल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम ही बदलेगा। इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को पाती लिखी है। इसमें शहरवासियों की भावनाओं से उनको अवगत कराते हुए छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का नाम सेठ किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी करने की कार्रवाई करने की बात कही है। ऐसे में अब पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम सेठ किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के नाम से जाना जाएगा। इसी तरह के हालात नटवर स्कूल के मामले में भी निर्मित हुआ था। उसमें भी नटवर को बिना हटाए नाम बदला गया था।

**खास बात**

- सेठ किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम अब होगा सेठ किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

जब सेठ किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी का बोर्ड लगा तो एक बारगी शहर का माहौल गरम हो गया था। शहरवासियों ने खिलाफत शुरु कर दिया था। बाद में सेठ किरोड़ीमल चैरिटी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने भी प्रदेश के सीएस के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। इन सब बातों को लेकर हरिभूमि ने लगातार प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी शहर के लोगों की भावनाओं से अवगत कराते हुए कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब को पत्र लिखा है और सेठ किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम अब सेठ किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी करने की बात कही है। इससे शहर में एक तरह से खुशी का माहौल निर्मित हो गया है।



अब इतिहास के पन्नों में ढूंढना पड़ेगा देश के सबसे प्राचीनतम किरोड़ीमल पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम



चैरिटी के सचिव और अन्य लोगों ने सीएस के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पॉलिटेक्निक के लिए 1955 में हुआ था ट्रस्ट के साथ अनुबंध, नहीं बदला जा सकता कॉलेज का नाम



**यह लिखा है पत्र में**

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सेठ किरोड़ीमल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज रायगढ़ के नामकरण के संबंध में तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब को लिखे पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण इंजीनियरिंग शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सत्र 2025-26 में आईआईटी की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी प्रारंभ करने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। जिसके तहत रायगढ़ स्थित किरोड़ीमल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज का उन्नयन करते हुए छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी प्रारंभ किया गया है। किरोड़ीमल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण सेठ किरोड़ीमल ट्रस्ट के माध्यम से हुआ है। ना केवल रायगढ़ बल्कि देश भर में सेठ किरोड़ीमल ने शिक्षा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत उल्लेखनीय कार्य किए हैं। जिले में भी किरोड़ीमल के अमूल्य सामाजिक योगदान के मद्देनजर हम सबकी भावनाएँ उनसे जुड़ी हुई है। उक्त शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पूर्व से ही सेठ किरोड़ीमल के नाम पर रहा है। अतएव छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रायगढ़ का नाम सेठ किरोड़ीमल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह है।

---

### कलेक्टर से मांग करने पर महिला को मिला श्रवण यंत्र

**सारंगढ़।** सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम दुर्गापाली की निवासी जमना मिरी को सुनने में गंभीर परेशानी थी, सुन नहीं पाने के कारण उन्हें सड़क पर चलने.फिरने में भी काफी दिक्कत होती थी और दुर्घटना का भी डर बना रहता था। अपनी समस्या को लेकर जमना मिरी आवेदन लेकर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के पास पहुंची। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संवेदनशीलता दिखाई और समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग ने तत्परता दिखाते हुए आधे घंटे के भीतर ही जमना मिरी को श्रवण यंत्र उपलब्ध करा दिया।

# थाने से लगा है अपेक्स बैंक, वहां से किसान ने निकाला 50 हजार और हो गया पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुलिस थाने के पास स्थित अपेक्स बैंक से निकाले किसान का 50 हजार पार हो गया। किसान ने बैंक से 50 हजार निकाल कर डिक्की में रखा था। बोरोडीपा के पास पान दुकान में रुका और कुछ पल के लिए ओझल हुआ तो राशि डिक्की से पार हो गया। इस घटना से एक बारगी पुसौर में हाहाकार मच गया। जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय पुसौर स्थित अपेक्स बैंक से ग्राम तडोला निवासी नरोत्तम मालाकार अपने धान की राशि 50 हजार निकाल कर अपनी मोटर सायकिल के डिक्की में रखा और बोरोडीपा में पान ठेला के पास कुछ खरीददारी करने के बीच डिक्की से उक्त राशि चोरी होने की घटना सामने





आई है। जानकारी के मुताबिक किसान उक्त नरोत्तम ग्रामीण वेशभूषा लूंगी और शर्ट पहन कर अपने मोटर साइकिल में सवार होकर अपेक्स बैंक लगभग 11 बजे आया पहुंचा था। राशि निकालने के लिए लंबे समय तक लाइन भी लगाया और अपनी बारी आई तो पैसा लिया। इस बीच उसे बैंक में लगभग 5 घंटा हो चुका था जिससे वह घर जाने की जल्दबाजी थी। चाय पानी कर पान ठेला के पास खरीद दारी की। इसी पल के इंतजार में चोर था और देखते ही देखते 50 हजार पार कर दिया। ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना थाने में दी गई। टीआई मोहन भारद्वाज ने किसान का पैसा मिल जाए इसमें तत्परता दिखाते हुए मौके में सीसी फुटेज खंगाला, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बताया जाता है कि अपेक्स बैंक से पैसे निकालते समय कुछ लोग सीधा और सरल पहनावे में आने वाले किसानों को नजर रखते हैं और मौका देखकर पैसे चोरी कर लेते हैं। बार-बार हो रहे चोरी को लेकर पुसौर सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने पिछले साल भर से किसानों को यह अवगत कराते रहे हैं कि ऐसे वेष भूषा में आए जिसमें कि पैसा अपने पाकेट में रखा जा सके। पैसे निकालने के बाद सीधे घर जाएं।

---

### काम में लापरवाही और समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा नहीं किया काम

# दो ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड, सफाई और निर्माण में अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरनिगम ने दो ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। इस कार्रवाई से निगम के ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। इसमें एक ठेकेदार ने सफाई तो दूसरे निर्माण में अनियमितता किया है। इसमें सफाई ठेकेदार नीलमेश मेन पावर प्राइवेट लिमिटेड को आगामी 3 वर्षों के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

इसी तरह सीसी सड़क के कार्य में लापरवाही बरतने पर राज स्टील्स फॉर्म को ब्लैक लिस्टेड किया गया। नगर पालिक निगम रायगढ़ में कार्यों के प्रति लापरवाही और अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध निगम प्रशासन ने



**सभी ठेकेदारों पर सख्ती से कार्रवाई करने के दिए गए निर्देश**

कड़ा रुख अपना लिया है। निगम आयुक्त ब्रजेश क्षत्रिय द्वारा शहर में चल रहे नाला-नाली, सीसी सड़क, चबूतरा, सामुदायिक भवन निर्माण एवं मरम्मत डामरीकृत सड़क सहित सभी निर्माण कार्यों की सतत समीक्षा की जा रही है। समीक्षा के दौरान एक-एक कार्यों की प्रगति की जानकारी संबंधित उप अभियंता, सहायक अभियंता एवं कार्यपालन अभियंता से ली जा रही है। इसी कड़ी में सफाई कार्य में लगातार लापरवाही बरतने, दिए गए निर्देशों का पालन नहीं करनेए कर्मचारियों के वेतन एवं ईपीएफ की राशि समय पर जमा भुगतान नहीं करने संबंधित शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए ठेकेदार नीलामेश में पावर प्राइवेट लिमिटेड बिलासपुर को आगामी 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्टेड कर दिया गया है। इसी तरह वार्ड 40 में 26 लाख के सीसी सड़क कार्य एवं वार्ड 29 में लिए गए कार्यों में लेटलतीफी, अपेक्षाकृत प्रगति नहीं लाने और गुणवत्ताविहीन काम करने की वजह से यशराज स्टील्स फर्म को ब्लैकलिस्टेड किया गया। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने स्पष्ट किया है कि गुणवत्ता से समझौता और समय पर कार्य पूरा न करने वाली एजेंसियों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### अमानत राशि राजसात

बिलासपुर की कंपनी मेसर्स निलामेश मेन पावर प्राइवेट लिमिटेड का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। इतना ही नहीं, कंपनी को अगले 3 वर्षों के लिए ब्लैकलिस्टेड करते हुए अमानत राशि राजसात कर ली गई है। उक्त एजेंसी ने वाहन एवं विद्युत शाखा के 94 प्लेसमेंट कर्मचारियों की आपूर्ति के अनुबंध में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। फॉर्म से अनुबंध की कंडिका 06 के अनुसार हर माह की 7 तारीख तक फार्म के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को वेतन देना अनिवार्य था, लेकिन कंपनी ने सितंबर 2025 से जनवरी 2026 तक लगातार देरी से भुगतान किया।

#### सुरक्षा जैकेट, एप्रोन भी नहीं दिया

इसी तरह अनुबंध की शर्त 08,15 और 29 का उल्लंघन करते हुए एजेंसी ने कर्मचारियों को न तो सुरक्षा जैकेट, एप्रोन दिए और न ही फोटोयुक्त पहचान पत्र उपलब्ध कराए। एजेंसी ने वित्तीय कठिनाई का बहाना बनायाए जबकि अनुबंध की शर्त 16 के अनुसार एजेंसी के पास कम से कम तीन माह का भुगतान वहन करने की क्षमता होनी चाहिए थी। निर्धारित समय सीमा के भीतर श्रमिक लाइसेंस भी फर्म द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया।

# गर्मी में सतर्क रहें, लू से बचें, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में बढ़ते तापमान और गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जीएस जात्रा ने आम नागरिकों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि लू लगने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार गर्मी बढ़ने के साथ लू लगने की घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाती है। सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने पर सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर आना, उल्टी होना, कमजोरी और शरीर दर्द, शरीर का तापमान बढ़ने के बावजूद पसीना न आना, अत्यधिक प्यास लगना, पेशाब कम होना, भूख न लगना तथा बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं।

■ लोगों से सावधानी बरतने की अपील



सीएमएचओ ने बताया कि बहुत आवश्यक न हो तो लोग दोपहर के समय घर से बाहर न निकलें। धूप में जाने से पहले सिर और कान को कपड़े से अच्छी तरह ढंक लें। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, लंबे समय तक धूप में न रहें और मुलायम, हल्के व सूती कपड़े पहनें, ताकि शरीर को ठंडक मिलती रहे। अधिक पसीना आने पर ओआरएस घोल पीना लाभकारी है। चक्कर या उल्टी आने की स्थिति में छायादार स्थान पर आराम करें और शीतल पेयजल, लस्सी, मठा अथवा फलों का रस लें। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श लिया जा सकता है। यदि तेज बुखार, उल्टी या सिरदर्द जैसी स्थिति बने तो तुरंत नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

### क्या न करें

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी सलाह दी है कि धूप में नंगे पांव बाहर न निकलें, दोपहर के समय भोजन पकाने से बचें तथा शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेयों का सेवन कम करें, क्योंकि ये शरीर को निर्जलित करते हैं। अधिक प्रोटीन युक्त भोजन से भी परहेज करने की सलाह दी गई है।

**लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार:** लू लगने की स्थिति में प्रारंभिक उपचार के तौर पर पीड़ित व्यक्ति को ठंडी और छायादार जगह पर लिटाना चाहिए। उसके सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखनी चाहिए तथा शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहना चाहिए। कच्चे आम का पना, जलजीरा अथवा तरल पदार्थ देने चाहिए। साथ ही पीड़ित को शीघ्र ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाना चाहिए। ओआरएस के पैकेट के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन या एएनएम से संपर्क किया जा सकता है।

**क्या करें :** सीएमएचओ ने बताया कि गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीना जरूरी है, भले ही प्यास न लगे। हालांकि जिन लोगों को मिर्गी, हृदय, गुर्दे या लीवर संबंधी बीमारी हो तथा जिन्हें तरल सेवन सीमित रखने की सलाह दी गई हो, वे तरल मात्रा बढ़ाने से पहले डॉक्टर से परामर्श लें। ओआरएस, छाछ, लस्सी, नींबू पानी जैसे घरेलू पेय पदार्थों का सेवन शरीर को हाइड्रेटेड रखने में सहायक है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे खुद भी सावधानी बरतें और बच्चों, बुजुर्गों तथा बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें, ताकि लू से बचाव संभव हो सके।

## सोने-चांदी के जेवर बरामद, लोहे की रॉड जब्त

# सूने मकान में चोरी, चोर-खरीददार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कुनकुरी के रेमते रोड मोहल्ले में सूने मकान में हुई चोरी के मामले का जशपुर पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चोरी करने वाले आरोपी के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार यह मामला कुनकुरी थाना क्षेत्र के रेमते रोड मोहल्ले का है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायल, पांच नग चांदी की साठी (पैर में पहनने वाले आभूषण) सहित अन्य सामान बरामद किया है। इसके अलावा घर का ताला और आलमारी तोड़ने में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी जब्त की गई है।

■ दोनों आरोपियों को भेजा गया जेल

पुलिस ने इस मामले में साहिल चौहान उर्फ मंटू उम्र 22 वर्ष , निवासी तुरी बस्ती, कुनकुरी और दिवाकर ताम्रकार उम्र 28 वर्ष, निवासी बजरंग नगर, कुनकुरी को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध थाना कुनकुरी में बीएनएस की धारा 331(4), 305(क) और 317(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 9 मार्च को रेमते रोड निवासी राकेश कुमार साव उम्र 38 वर्ष ने थाना कुनकुरी में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि




उनके बड़े पिता रामबिलास प्रसाद के मकान की देखरेख की जिम्मेदारी उन्हें दी गई थी। रामबिलास प्रसाद अपनी पत्नी के इलाज के लिए पिछले लगभग छह माह से रांची में रह रहे थे। इसी बीच 19 जनवरी को उनकी बड़ी मां का निधन हो गया था, जिसके कारण राकेश साव भी क्रियाकर्म में शामिल होने रांची चले गए थे। जब वे 9 मार्च को वापस कुनकुरी लौटे तो देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर आलमारी खुली पड़ी है तथा सामान बिखरा हुआ है। फोन पर जानकारी देने पर रामबिलास प्रसाद ने बताया कि आलमारी में रखे सोने के कान के टॉप्स, चांदी की पायल, पांच नग चांदी की साठी और करीब 1500 रुपये नकद गायब हैं। इसके बाद थाना कुनकुरी में मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की।

### मुखबिर की सूचना से पुलिस तक पहुंचा आरोपी

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के संदिग्ध लोगों से पूछताछ शुरू की और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि साहिल चौहान उर्फ मंटू अचानक अधिक पैसे खर्च कर रहा है।

### पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की

शुरुआत में वह पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने ही रामबिलास प्रसाद के घर का ताला तोड़कर चोरी की थी और चोरी किए गए जेवर दिवाकर ताम्रकार को 20 हजार रुपये में बेच दिए थे।

### खरीदार से भी बरामद हुआ चोरी का सामान

पुलिस ने खरीदार दिवाकर ताम्रकार को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की। उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के सभी आभूषण बरामद कर लिए गए। वहीं आरोपी साहिल की निशानदेही पर चोरी में इस्तेमाल की गई लोहे की रॉड भी जब्त की गई। अपराध स्वीकार करने और पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

### पुलिस टीम की रही अहम भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश कुमार यादव, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर वारले, प्रधान आरक्षक ढलेश्वर यादव, नंदलाल यादव और लियोन कुजूर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मितानिनों को नहीं मिला वेतन मिंज ने सरकार को घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष यूडी मिंज ने मितानिन कार्यक्रम के तहत कार्यरत मॉनिटरिंग स्टाफ को पिछले पांच महीनों से वेतन न मिलने पर साय सरकार के खिलाफ तीखा मोर्चा खोल दिया है।



उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गहरा कटाक्ष करते हुए कहा कि यह बेहद शर्मनाक स्थिति है कि प्रदेश की बहनें दिवाली और होली जैसे बड़े त्योहार बिना वेतन के मनाने को मजबूर हुईं, जबकि सरकार विज्ञापनों के जरिए सुशासन का केवल खोखला ढिंढोरा पीट रही है। मिंज ने अधिकारियों की संवेदनहीनता पर भी कड़ा ऐतराज जताया। उनके अनुसार, जब महिला कर्मचारी अपना हक मांगने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दफ्तर पहुंचीं, तो अधिकारियों का व्यवहार अत्यंत गैर-जिम्मेदाराना रहा, जो भाजपा के महिला सम्मान के दावों की पोल खोलता है। मिंज ने तकनीकी कारणों का हवाला देकर वेतन रोकने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब नेताओं के वेतन-भत्ते बढ़ाने होते हैं, तब ऐसी कोई दिक्कत क्यों नहीं आती। उन्होंने स्पष्ट किया कि 700 से अधिक मॉनिटरिंग स्टाफ की सैलरी को किसी निजी संस्था के भरोसे छोड़कर सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। एक तरफ मुख्यमंत्री 'महतारी वंदन' की बात करते हैं, तो दूसरी तरफ रात-दिन सेवा देने वाली मितानिन प्रशिक्षकों और समन्वयकों को सड़क पर बैठने के लिए विवश किया जा रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी मंगलवार तक पांच माह का रुका हुआ वेतन एकमुश्त जारी नहीं किया गया और बदतमीजी करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने यह मांग भी रखी कि वेतन भुगतान की पूरी प्रक्रिया को निजी संस्था से हटाकर पूर्णतः सरकारी या एनएचएम के अधीन किया जाए।

# विश्व महिला दिवस पर किया गया महिलाओं का सम्मान

## न्यायिक अधिकारियों ने दिया जागरूकता का संदेश

घरघोड़ा। विश्व महिला दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर घरघोड़ा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के सम्मान में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी एवं जिला अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री प्रीति झा की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा न्यायालय में कर्तव्यनिष्ठा, निष्ठा एवं समर्पण भाव से उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला न्यायालयीन कर्मचारियों तथा स्वच्छता कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों को उनके




सराहनीय योगदान के लिए भेंट प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में विशेष न्यायाधीश शहाबुद्दीन कुरैशी ने उपस्थित न्यायालयीन कर्मचारियों एवं पैरालीगल वालिंटियर्स को संबोधित करते हुए महिलाओं के विधिक अधिकारों, महिला सुरक्षा, लैंगिक समानता एवं सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न विधिक प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि विश्व महिला दिवस प्रतिवर्ष 08 मार्च को महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण, उनके सम्मान, समान अवसर एवं सामाजिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। अपर सत्र न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने कहा कि समाज में महिलाओं की गरिमा एवं अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं विधिक दायित्व है। न्याय व्यवस्था से जुड़े सभी व्यक्तियों को महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण एवं विधिक जागरूकता के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिएए जिससे समाज में न्याय, समानता एवं सम्मान की भावना सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण एवं विधिक जागरूकता के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर न्यायालय के कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालिंटियर्स उपस्थित रहे।

# स्व सहायता समूह से जुड़कर कांसाबेल की महिलाओं ने स्वरोजगार की राह अपनाई

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन दृ बिहान योजना के तहत जशपुर जिले की ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की मिसाल गढ़ रही हैं। कांसाबेल विकासखंड के ग्राम सेम्हर कछार की हरियाली स्वसहायता समूह की 11 महिलाओं ने छिंद कासा से आकर्षक टोकरी और अन्य पारंपरिक हस्तशिल्प उत्पाद तैयार कर अपनी आजीविका को मजबूत किया है।

समूह की सदस्य श्रीमती बालमुनि भगत ने बताया कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उन्हें स्वरोजगार का अवसर मिला। पहले महिलाएं केवल घरेलू कामकाज तक सीमित थीं, लेकिन अब वे अच्छी कमाई कर रही हैं। यह कार्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास भी दे रहा है। महिलाओं ने बताया कि बिहान योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। समूह के माध्यम से प्रशिक्षण, सहयोग और विपणन सुविधा मिलने से उनका उत्पाद अब स्थानीय हाट-बाजार और मेलों में लोकप्रिय हो चुका है।



महिलाएं कहती हैं कि अब वे सिर्फ घर तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि अपनी पहचान खुद बना रही हैं। समूह की दीदियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं से हम सशक्त और आत्मनिर्भर हो रहे हैं।

### पिकअप की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी चालक गिरफ्तार

रामानुजगंज। शहर में मंगलवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। शिव चर्चा भवन के पास बस स्टैंड जाने वाली सड़क पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल बच्चे ने इलाज के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया।जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे बस स्टैंड की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने सड़क किनारे मौजूद 5 वर्षीय बच्चे को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप की रफ्तार काफी तेज थी और बच्चा सड़क के किनारे था, इसके बावजूद वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 3 निवासी लक्ष्मण सोनी आ. गणेश सोनी (5 वर्ष) नदी से नहाकर अपने घर जा रहा था। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल 100 बिस्तर अस्पताल पहुंचाया गया। जांच के दौरान डॉक्टरों ने बच्चे के सिर में गंभीर चोट पाई।

## जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज के आगमन की तैयारी

# जून में होगा संत सनातन संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



■ कल्याण आश्रम में 13 को बैठक लेंगे वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिदानंद

जगद्गुरु श्रीमद रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य महाराज का जशपुर की धरा पर आगामी 20 जून 2026 को आगमन होने जा रहा है। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में महाराज श्री के सान्निध्य में प्रवचन, दर्शन, समस्या मार्गदर्शन एवं दीक्षा समारोह संपन्न होगा।

इस ऐतिहासिक आध्यात्मिक समागम की तैयारी और जन-सहयोग सुनिश्चित करने हेतु आगामी 13 मार्च 2026 को सायं 5:00 बजे जशपुर के अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम' के सभाभवन में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई है।

### सचिदानंद उपासने की अध्यक्षता में होगी बैठक

इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन हेतु सच्चिदानंद उपासने, वरिष्ठ नेता - भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष - लोकतंत्र सेनानी संघ एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष - लोकतंत्र प्रहरी विशेष रूप से जशपुर पहुंचेंगे और बैठक लेंगे। बैठक में आयोजन की सफलता हेतु विभिन्न समितियों के गठन एवं कार्ययोजना पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा।

### विश्व स्तरीय सेवा कार्यों का संगम

जगद्गुरु श्री के मार्गदर्शन में 'जनमान संस्थान' द्वारा संचालित मानवीय प्रकल्पों ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं:

- रक्तदान महाकुंभः जनवरी 2026 में मात्र 15 दिनों के भीतर 1,71,150 यूनिट रक्तदान का विश्व रिकॉर्ड।
- सामाजिक सेवाः 1.54 लाख से अधिक परिवारों की घर-वापसी एवं राष्ट्रीय राजमार्गों पर निरंतर निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा।
- शिक्षा एवं सहायताः निर्धन बच्चों को स्नातक तक निःशुल्क शिक्षा एवं प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित सहायता कार्य।

### तुम जिओ, दूसरे को जीने दो का आध्यात्मिक संदेश

तुम जियो, दूसरों को जीवन दो॰महाराज श्री का दिव्य मंत्र "ॐ नरेन्द्रनाथाय नमः" और उनके द्वारा प्रतिपादित 'प्रपंच और परमार्थ' के संतुलन का सूत्र आज लाखों लोगों के जीवन का आधार बना हुआ है। उनके सान्निध्य से भक्तों में सात्विकता और आत्मबल का संचार होता है।

# महावीर मंदिर में रामनवमीं पूजा समिति का गठन

जशपुरनगर। मंगलवार को शहर के बस स्टैंड के समीप स्थित महावीर मंदिर परिसर में आगामी रामनवमी पर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में रामनवमी पूजा समिति के गठन को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया तथा सर्वसम्मति से समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी किशोरी प्रसाद गुप्ता ने की। बैठक में रामनवमी को भव्य एवं सुव्यवस्थित तरीके से मनाने के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई और आयोजन की रूपरेखा तय की गई। सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार संदीप गुप्ता (बबला) को रामनवमी पूजा समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं समिति के संरक्षक के रूप में कुमार विजय आदित्य सिंह जूदेव का नाम सर्वसम्मति से तय किया गया।इसके साथ ही समिति के उप संरक्षक के रूप में शंकर गुप्ता, सत्यनारायण सोनी, तारो सिंह, प्रमोद गुप्ता एवं कृष्ण कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई।उपाध्यक्ष पद के लिए योगेश सिन्हा (पप्पू), नितिश सहाय, आर्यन सोनी एवं जयंत सोनी का चयन किया गया।समिति के मंत्री पद के लिए राजा सोनी, प्रकाश नायक एवं शिवम नायक के नाम पर सहमति बनी। मीडिया प्रभारी के रूप में जय प्रकाश र वानी (गुन्नू), आकाश सोनी एवं अमित सोनी को जिम्मेदारी दी गई।आर्थिक व्यवस्था को देखते हुए कोषाध्यक्ष के रूप में सुभाष सोनी एवं अजय गुप्ता का चयन किया गया। जबकि सह कोषाध्यक्ष के रूप में चंदन गुप्ता को जिम्मेदारी दी गई। रामनवमी पूजा समिति का गठन गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यकारिणी सदस्य के रूप में जयंत सोनी, नितिन राय, कमलकांत वर्मा, भोला सोनी, शंकर गुप्ता, राजकुमार साव, विकास सोनी, नीतीश गुप्ता, अनु विश्वकर्मा, अजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, रितेश गुप्ता एवं विनोद गुप्ता सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पांडेय की मूर्ति के सौंदर्यीकरण के लिए भूमिपूजन



जशपुरनगर। नगरपालिका में स्थित बालासाहेब देशपांडे की स्टेचू गार्डन की सौंदर्यीकरण के लिए विधायक निधि 7.50 लाख की राशि से सौंदर्यीकरण मरम्मत के लिए नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद् भगत ने कल्याण आश्रम के प्रतिनिधियों नगरपालिका के पार्षदों के साथ भूमिपूजन का कार्यक्रम संपन्न किए। विधायक रायमुनि भगत के विधायक निधि से बालासाहेब देशपांडे के साथ अंबेडकर चौक सौंदर्यीकरण के लिए 15 लाख की राशि स्वीकृत की थी ,कलेक्टर रोहित व्यास ने शहर भ्रमण के दौरान दोनों चौक के सौंदर्यीकरण के लिए नगरपालिका के मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय को निर्देश दिए थे।

**इनकी रही उपस्थिति:** भूमि पूजन से अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत अखिल भारतीय कल्याण आश्रम से श्रीपाद राष्ट्रीय कार्यालय, प्रमुख प्रांत संगठन मंत्री महेश्वर राम, प्रांत सह सचिव वासुदेव गुरुजी, पार्षद सुधीर पाठक,द्वारिका मिश्रा, कंचन बैरागी, सुधीर भगत, विजेता भगत, शैलेंद्री यादव, विनोद निकुंज मैनेजर राम, शशि बाई, मुख्य नगरपालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, कैलाश खरोले, शुभेंदु श्रीवास्तव, नवीन तिवारी, उपअभियंता राजा सोनी, दीपक गुप्ता, दिनेश बड़ाईक, मुकेश सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतन भगत, सत्येंद्र मिश्रा, भोला यादव, दिनेश सिह, सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पति की पिटाई से गंभीर महिला की गई जान

अम्बिकापुर। चलगली थाना अंतर्गत ग्राम शारदापुर निवासी सुशीला पति रामाधार (37 वर्ष) शराब पीने की आदि थी। महिला अक्सर घर में रखे धान व चावल को बेचकर शराब पीती थी और कभी एक सप्ताह तो कभी चार दिन बाद घर आती थी। पत्नी के आए दिन नशे में धुत रहने तथा घर के सामान को बेच देने से पति काफी परेशान था। 8 मार्च को पत्नी नशे की हालत में घर और भोजन कर सो गई। दोपहर लगभग 3.30 बजे उठकर पड़ोसी के घर चली गई। इसी पति भी उसके पीछे गया और पत्नी को आए दिन शराब पीने से मना किया तो पत्नी विवाद करने लगी। जिस पर पति ने गुस्से में पत्थर से पत्नी पर वार कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। इधर पति घर आया और घटना जानकारी परिजन को दी। परिजन महिला को अचेत हालत में वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### युवकों ने महिला व उसके पति के साथ किया मारपीट

अम्बिकापुर। घर के सामने गाली गलौज करने से मना करने पर युवकों ने महिला व उसके पति सहित परिवार के लोगों के साथ जमकर मारपीट की। बबीता सूर्यवंशी पति नितेश कुमार (30 वर्ष) होली की शाम परिवार के साथ होली खेल रही थी। इसी दौरान पड़ोसी राजेश्वर उर्फ ललुआ, प्रदीप, सागर सहित अन्य युवक उसके घर के सामने गाली-गलौज करने लगे। जिस पर महिला ने गाली गलौज करने से मना किया तो युवकों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घटना को देख जब पति व बहन के साथ बीच बचाव करने लगे तो उसके साथ भी मारपीट किया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) का अपराध दर्ज किया है।

### बीच बचाव करने पर युवक से मारपीट अपराध दर्ज

अम्बिकापुर। रिश्तेदार के साथ युवकों द्वारा मारपीट करने पर जब युवक ने बीच बचाव किया तो युवकों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। रितिक मिंज आ. ललीत मिंज (22 वर्ष) ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि होली की शाम घर के सामने फुफा टेबुल साय से गाड़ी चलाने की बात को लेकर आकाश एवं अभिषेक गाली गलौज करते हुए मारपीट कर रहे थे। घर के सामने शोर सुनकर बाहर निकाला और बहन के साथ्न बीच बचाव करने लगा जिससे नाराज होकर दोनों ने गाली गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मारपीट चोट आने से निजी अस्पताल में उपचार कराया तथा उपचार के बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने की सड़क जांच

मानीचौक। सलका रजवारी पारा से रेड नदी तक निर्माणाधीन पक्की सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं देने तथा ग्रामीणों द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग करने के आरोप और काम बंद कराने पर आज पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की। साथ ही ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ एस.के मिश्रा, इंजिनियर कंचन मंडल अपनी टीम के साथ मौके पहुंच संबंधित ठेकेदार व ग्रामीणों के बीच सड़क की गुणवत्ता का जांच की। जिसमे पक्की सड़क बनने के लिए तैयार किया गया बेस की खुदाई कर जांच किया जो मापन अनुसार सही पाया गया। ग्रामीणों का आरोप था सड़क की साइड सोल्डर जिसको जांच टीम ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए जितने दूर तक खराब व अधिक ढाल बनाया गया है । उसे तत्काल सुधार करने के निर्देश दिए। साथ ही एस्टीमेट के अनुरूप कार्य करने की चेतावनी दी और कहा कि अब आगे ग्रामीणों को शिकायत की मौका नहीं मिलना चाहिए। इस दौरान वार्ड पंच राजू दास सहित अन्य ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे।



# धुरंधर 2 का नया पोस्टर जारी ईश्वर के प्रकोप का दिया संकेत

**मुंबई।** रणवीर सिंह की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' का एक नया पोस्टर जारी हो चुका है। फैंस पोस्टर में रणवीर सिंह के दोनों लुक को लेकर काफी उत्सुक हैं। 'धुरंधर 2' के नए पोस्टर में रणवीर सिंह दो अलग-अलग किरदारों में दिख रहे हैं- जसकिरत सिंह रंगी और हमजा अली मजारी। उन्होंने पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'ईश्वर का प्रकोप आ रहा है'। फिल्म के पोस्टर को देखने के बाद फैंस काफी उत्साहित हैं। फैंस 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के लुक को देखकर बहुत खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग तारीफ कर रहे हैं और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं।

लाइफ Style



# अनीत
## बायोपिक में कास्टिंग की खबरें बेबुनियाद

लेजेंडरी एक्ट्रेस मधुबाला की बायोपिक की चर्चा काफी लंबे समय से चल रही है। हाल ही खबर आई कि इसमें मधुबाला का किरदार 'सैयारा' एक्ट्रेस अनीत पड्डा निभाएंगी, पर ऐसा नहीं है। अब इंडस्ट्री के सूत्रों ने इन खबरों को पूरी तरह गलत बताया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनीत पड्डा फिल्म में मधुबाला का किरदार नहीं निभाएंगी। एक सोर्स ने साफ किया कि अनीत पड्डा का नाम मधुबाला बायोपिक से जोड़ना एकदम गलत है। सोर्स ने कहा कि अनीत पड्डा को लेकर जो भी खबरें उड़ रही हैं, उनमें रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। ये दावे पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। मधुबाला भारतीय सिनेमा का एक बहुत बड़ा नाम हैं, इसलिए इन अफवाहों ने फिल्म प्रेमियों के बीच काफी हलचल मचा दी थी। पर सोर्स ने फिर से जोर देकर कहा कि अनीत पड्डा के प्रोजेक्ट (मधुबाला की बायोपिक) से जुड़ने की बात सिर्फ एक अफवाह है और फिलहाल ऐसा कुछ भी नहीं हो रहा है। इससे पहले खबरें आई थीं कि मधुबाला की बायोपिक में कियारा आडवाणी दिवंगत एक्ट्रेस का किरदार निभाएंगी, पर वो खबरें भी अफवाह साबित हुईं। अनीत पड्डा की बात करें, तो उन्होंने साल 2022 में फिल्म 'सलाम वैंकी' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी, पर स्टारडम 2025 में रिलीज हुई 'सैयारा' से मिला। अब अनीत पड्डा फिल्म 'शक्ति शालिनी' में नजर आएंगी। फिल्म में 'होमबाउंड' फेम विशाल जेठवा भी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह दिसंबर 2026 में रिलीज हो सकती है।

## हॉलीवुड मसाला



# पति बेनी को दी जन्मदिन की बधाई

**लॉस एंजिल्स।** सेलेना गोमेज ने अपने पति बेनी ब्लैंको के जन्मदिन पर खास शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ अनदेखी शानदार तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी शादी के पल और निजी जीवन की झलक दिखाई दी। सेलेना ने अपनी इस पोस्ट में शादी की कई रोमांटिक फोटोज शेयर कीं। इस पोस्ट के साथ सेलेना ने कैप्शन में पति बेनी ब्लैंको को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो मेरे प्यार। मैं तुम्हें पूरे दिल से प्यार करती हूं।'



# डॉल्बी थिएटर में होगा 98वां ऑस्कर अवॉर्ड समारोह...

**लॉस एंजिल्स।** कुछ ही दिनों में ऑस्कर 2026 का आयोजन होने वाला है और अब इसे लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस साल का कार्यक्रम और ज्यादा खास होने वाला है, क्योंकि इसे कोनन ओ'ब्रायन होस्ट करने वाले हैं। इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में प्रियंका चोपड़ा भी शामिल होने वाली हैं। 98वां अकादमी अवॉर्ड समारोह 15 मार्च को हॉलीवुड के लॉस एंजेलिस स्थित मशहूर डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। हर साल की तरह इस बार भी दुनियाभर की फिल्म इंडस्ट्री की नजरें इस प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह पर टिकी हुई हैं। भारत में टाइम डिफरेंस की वजह से दर्शक इस समारोह को 16 मार्च की सुबह लगभग 4:30 बजे से देख सकेंगे। आप जियो हॉटस्टार ऐप और वेबसाइट पर सुबह 4:30 बजे से इसकी लाइव स्ट्रीमिंग देख सकते हैं।



# है जवानी तो इश्क... की रिलीज डेट बदली

**मुंबई।** डेविड धवन द्वारा निर्देशित फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े सहित कई कलाकार नजर आएंगे। इस रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस पोस्ट के हिसाब से 'है जवानी तो इश्क होना है' अब 5 जून की जगह 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। निर्माताओं ने एक आधिकारिक बयान में लिखा, 'हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' मूल रूप से 5 जून को रिलीज होने वाली थी, जिसकी घोषणा हमने कई महीने पहले की थी। इस महीने की शुरुआत में, यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म की नई रिलीज तारीख की घोषणा की। 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' पहले 19 मार्च को रिलीज होने वाली थी।



# लाहौर 1947 का नहीं बदला टाइटल...

**मुंबई।** राजकुमार संतोषी की फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल को लेकर फिर से नया अपडेट सामने आया है। पहले खबर थी कि इसका नाम बदलकर 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है लेकिन, ऐसा नहीं है और इसकी पुष्टि आमिर खान ने की है। सनी देओल के फैंस 'बॉर्डर 2' के बाद उनकी अगली और चर्चित फिल्म 'लाहौर 1947' की रिलाज का इंतजार कर रहे हैं, जिसे राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है और आमिर खान प्रोडक्शन में बनी है। इस मूवी के टाइटल को लेकर बीच में अपडेट आया था कि उसे बदल दिया गया और उसका नया नाम 'बंटवारा 1947' कर दिया गया है। लेकिन, प्रोड्यूसर ने इस दावे को सिरे से खारिज किया है। आमिर खान से जब फिल्म 'लाहौर 1947' के टाइटल में बदलाव के बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, 'ये आपने कहां सुना?

## टीवी मसाला



# कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो जरूर अनुपमा में करूंगा वापसी

**नई दिल्ली।** अनुपमा में अनुज की भूमिका निभाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले गौरव खन्ना किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। गौरव को इस शो में इतना पसंद किया गया कि फैंस उनकी वापसी का इंतजार कर रहे हैं। स्टार प्लस के शो अनुपमा में अनुज का कैरेक्टर बहुत ही मजबूत तरीके से दिखाया गया था। इस शो में दर्शकों ने अनुज के कैरेक्टर को इतना पसंद किया कि गौरव खन्ना हर किसी के फेवरेट बन गए। इस शो का हिस्सा बनने के बाद गौरव खन्ना को बिग बॉस 19 में देखा गया। इस शो के वो विनर बने. उसके बाद से फैंस को लगने लगा कि बिग बॉस के बाद गौरव खन्ना अब अनुपमा में वापसी करेंगे। अब गौरव खन्ना ने खुद इस बात को कंफर्म कर दिया है कि वो इस शो का हिस्सा बनेंगे या नहीं। एक इंटरव्यू में जब गौरव खन्ना से पूछा गया कि क्या वो फिर से अनुपमा में अनुज के तौर पर वापसी करेंगे। ऐसे में गौरव खन्ना ने जो जवाब दिया वो काफी मजेदार था। गौरव खन्ना ने कहा,'आप गलत इंसान से इस बारे में पूछ रहे हैं। क्योंकि, अनुपमा में वापसी करना मेरे हाथ में नहीं है। ये हमारे प्रोड्यूसर राजन शाही और चैनल स्टार प्लस पर डिपेंड करता है। अगर स्टोरी में मेरे लिए कुछ इंट्रेस्टिंग होगा तो मैं जरूर वापस आऊंगा। लेकिन, अगर ट्रैक एक्साइटिंग नहीं है तो मैं वापस नहीं आऊंगा।

## गुस्सा जायज है, घाव गहरे थे

**नई दिल्ली।** निक्की तंबोली कुछ दिन पहले ही रियलिटी 'द 50' से बाहर हुईं। हाल ही में उनके बॉयफ्रेंड अरबाज पटेल भी शो से बाहर हो गए। अब शो में कुछ इंफ्लुएंसर, टीवी आर्टिस्ट बाकी रह गए हैं। अपनी हालिया पोस्ट में



बिना किसी का नाम लिए निक्की तंबोली ने 'द 50' के कुछ प्रतियोगियों पर निशाना साधा है। निकी तंबोली ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की है। इसमें वह लिखती हैं, 'मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स करवाने से ज्यादा मेहनत अगर अपनी लाइफ पर करते तो शायद कोलेबोरेशंस से जिंदगी नहीं चलती। मेरी पोस्ट पर फेक कमेंट्स खरीदने से अच्छा है, अपनी रिस्पेक्ट खरीद लो। शायद ज्यादा काम आ जाए।' वह आगे लिखती हैं, 'गुस्सा जायज है। घाव गहरे थे।' निक्की तंबोली ने अपनी पोस्ट में किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स का मानना है कि वह टीवी एक्टर प्रिंस नरुला और टीवी पर्सनालिटी शिव ठाकरे पर निशाना साध रही हैं। यह दोनों इस वक्त 'द 50' शो का हिस्सा हैं। जब निक्की और उनका बॉयफ्रेंड शो में थे तो शिव ठाकरे और प्रिंस नरुला से कई बार झगड़ा हुआ। 'द 50' शो में विनर बनने की दौड़ में शिव ठाकरे आगे दिख रहे हैं।

# पद्मा कभी अमिताभ की बनी थीं हीरोइन खूब चलाया था कैबरे डांस का जादू ...

*नई दिल्ली। भोजपुरी फिल्मों से अपना फिल्मी सफर शुरू करने वालीं पद्मा खन्ना ने अमिताभ बच्चन के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' और देवा आनंद के गाने 'हुस्न के लाखों रंग' में नजर आईं। फिल्मी और टीवी की दुनिया में कुछ कलाकार ऐसे हैं जो अपने नाम से अधिक अपने किरदार की वजह से जाने जाते हैं। ऐसे ही कलाकारों की लिस्ट में एक नाम पद्मा खन्ना का रहा है जो टीवी के लोकप्रिय धारावाहिक 'रामायण' में रानी कैकेयी के किरदार से घर-घर में पहचानी जाती थीं। 70 और 80 के दशक में खन्ना अपनी खूबसूरती, डांस और एक्टिंग से लोगों के दिलों में खास जगह बनाई थी। शायद बहुत कम लोगों को ये पता हो कि उनके फिल्मी सफर की शुरुआत के पीछे की वजह मशहूर एक्ट्रेस वैजयंती माला थीं, जिन्होंने पद्मा का डांस देखकर उन्हें फिल्मों में किस्मत आजमाने की सलाह दी थी। एक्ट्रेस से मिली यही छोटी सी सलाह आगे चलकर उनके जीवन का बड़ा मोड़ साबित हुई।*



### अमिताभ के साथ 'सजना है मुझे सजना के लिए' गाना

पद्मा खन्ना के करियर का एक और अहम पड़ाव फिल्म 'सौदागर' रही, जिसमें वह महानायक अमिताभ बच्चन के साथ नजर आईं। इस फिल्म का गाना 'सजना है मुझे सजना के लिए' उस दौर का बेहद लोकप्रिय गाना बना। धीरे-धीरे वह हिंदी और भोजपुरी दोनों फिल्म इंडस्ट्री में एक जानी-मानी एक्ट्रेस बन गईं और अपने डांस के लिए खास तौर पर पहचानी जाने लगीं।

### 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से शुरुआत

पद्मा खन्ना ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत भोजपुरी फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' से की। उस समय उनकी उम्र लगभग 14 साल थी। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय फिल्मों में गिनी जाती है। इसके बाद उन्होंने कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया और धीरे-धीरे इस इंडस्ट्री में अपनी पहचान बना ली। 'बिदेसिया', 'बलम परदेसिया', 'धरती मइया', और 'भैया दूज' जैसी फिल्मों में उनके काम को काफी पसंद किया गया।

# ताहिर ने पूरी की अनाम फिल्म की शूटिंग, साझा की तस्वीरें...



**मुंबई।** ताहिर राज भसीन जल्द ही एक नई फिल्म में नजर आएंगे। अभिनेता ने फिल्म की शूटिंग पूरी करने पर कई तस्वीरें साझा की हैं। अभिनेता ताहिर राज भसीन ने अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। यह विक्रम फडनिस के निर्देशन में बना प्रोजेक्ट है। हालांकि, अभी तक इस फिल्म का नाम सामने नहीं आया है। अभिनेता ने अपनी शूटिंग पूरी करने के बाद सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें साझा की हैं। साथ ही एक लंबा नोट भी लिखा है। ताहिर राज भसीन ने शूटिंग पूरी करने के बाद इंस्टाग्राम पर शूटिंग से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों में ताहिर अपने किरदार में और कुछ अहम सीन की शूटिंग करते नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने अपनी टीम के साथ बिताए मजेदार पलों की भी झलक प्रशंसकों के साथ साझा की। उन्होंने शूटिंग के बीच आराम करते और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए कलाकारों और क्रू की तस्वीरें पोस्ट कीं। तस्वीरों में फिल्म की बाकी कास्ट सयामी खेर और विनीत कुमार सिंह भी नजर आ रहे हैं। तस्वीरें साझा करते हुए ताहिर ने प्रोजेक्ट के पूरा होने पर एक भावुक संदेश भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'शूटिंग पूरी हो गई। यह एक शानदार सफर रहा। विक्रम फडनिस आपका धन्यवाद जिन्होंने एक दिल को छू लेने वाला किरदार लिखा और निर्देशित किया, जिसे निभाना मेरे लिए बेहद सुखद अनुभव रहा। आपकी इस मेहनत से बनी फिल्म को दुनिया के साथ साझा करने का बेसब्री से इंतजार है। ओजाजय, लेंस के जादूगर हैं। हर दिन अपनी उत्कृष्टता लाने और कलात्मकता के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए धन्यवाद। हद से

## हम घास की गठरियों पर आराम करते थे : सुप्रिया

# 80 के दशक में न वॉशरूम होते थे, और न ही वैनिटी वैन

*नई दिल्ली। 'खिचड़ी' एक्ट्रेस सुप्रिया पाठक ने 80 के दौर के फिल्म सेट की कहानी सुनाई और बताया कि तब वॉशरूम, वैनिटी वैन या आराम करने के लिए उचित जगह जैसी बुनियादी सुविधाओं का भी कैसा अभाव रहा करता था। शाहिद कपूर की सौतेली मां सुप्रिया पाठक ने 'मिर्च मसाला' की शूटिंग के दौरान का एक किस्सा सुनाया। इस फिल्म की शूटिंग के लिए मिर्च फैक्ट्री में बिताए अपने अनुभव को शेयर किया और बताया कि कैसे एक दर्जन महिलाएं वहां घास और भूसे के गठरियों पर आराम करती थीं। हालांकि, 'खिचड़ी' एक्ट्रेस ने कहा कि इस तरह के माहौल में काम करने के पीछे की वजह एक्टर्स का जुनून होता था।*

### 80 से 90 के दशक में कैसा होता था फिल्मों का सेट

बातचीत में सुप्रिया ने 80 से 90 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री को लेकर बातें करते हुए बताया कि तब कैसे एक्टर्स वैनिटी वैन के बिना काम करते थे। उन्होंने कहा, 'जो जुनून था हमारे अंदर एक्टिंग का या किरदार बनाने का, उसकी वजह से बाकी सारी चीजों की अहमियत कम लगती थीं। पर धीरे-धीरे एहसास हुआ कि नहीं, ये भी जरूरी है।'

### बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए

उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा, 'आपको कोई एक बैठने की जगह चाहिए और खासकर महिलाओं के लिए, आपको एक बाथरूम की सुविधा होनी चाहिए। मतलब मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं या तो उपलब्ध नहीं कराई जाती या होती ही नहीं थी।' मैं आज भी कहती हूं कि कितनी जगहों पर हम शूट करने जाते जहां बाथरूम भी मुहैया नहीं कराया जाता या होता ही नहीं था। कई जगहों पर जहां हम शूटिंग करते, बाथरूम जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं होती थीं।



### घास के बड़े-बड़े बंडल पर हम पूरे दिन बैठते थे

सुप्रिया पाठक ने कहा, 'मैंने एक फिल्म की थी मिर्च मसाला, जिसे केतन मेहता जी ने डायरेक्ट किया था। उसमें हम सारी औरतें थीं, करीब 10 महिलाएं थीं। तब हम मिर्ची की फैक्ट्री में शूट कर रहे थे। वो एक छोटा सा गांव था और वहां बेतहाशा गर्मी थी। वहां पीछे एक शेड जैसा था जहां घास रखे हुए थे। शायद मिर्ची को साफ करने का कोई प्रोसेस वहां होता था। तो बड़े-बड़े बंडल बनाकर रख दिए थे और हम पूरे दिन उसी पर बैठते थे।'

### कुछ भी करके बैठ जाते थे

पाठक ने कहा, 'एक एक्टर के लिए जैसे हमारे वहां स्पॉट बॉय होते थे, चाय लाना, अगर आप सर्दी में शूट कर रहे हो, कहीं भी शूट कर रहे हो तो बुनियादी सुविधाएं तो चाहिए ही। खाना, पानी, चाय, ये सब बेसिक चीजें जरूरी होती हैं। फिर मुझे लगता है कि धीरे-धीरे ये सारे बदलाव होंगे। हमारी इंडस्ट्री में आने लगे। आज शूटिंग करना काफी कंफर्टेबल होगा, चाहे आप कहीं भी हों। पहले के टाइम से काफी अलग है। हमारा वक्त तो हम सचमुच कहीं भी, कुछ भी करके बैठ जाते थे। '

### बाजार व राम-लीला के लिए मिले थे अवॉर्ड

बताते चलें की सुप्रिया पाठक ने अपनी मां दीना पाठक के साथ थिएटर से एक्टिंग की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने 'कलयुग' (1981) से फिल्मों में कदम रखा। पाठक को 'बाजार' (1982) और 'राम-लीला' (2013) के लिए अवॉर्ड भी मिले। उन्होंने 'मासूम' और 'मिर्च मसाला' जैसी फिल्मों, 'खिचड़ी' (हंसा के रूप में) और 'साराभाई वर्सेस साराभाई' जैसे टीवी शो में भी जानदार एक्टिंग की। इन सबके अलावा पाठक ने 'सरकार', 'वेक अप सिड', 'रेड 2' और 'खिचड़ी 2' में भी काम किया। एक्टिंग के अलावा सुप्रिया अपने पति पंकज कपूर के साथ एक प्रोडक्शन हाउस चलाती हैं।

## खबर संक्षेप

### थलसेना अग्निवीर भर्ती आवेदन 1 अप्रैल तक

**रायगढ़।** भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक वेबसाईट पर ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके तहत अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक व स्टोरकीपर, ट्रैडमैन-दसवीं उत्तीर्ण, ट्रैडमैन आठवीं उत्तीर्ण, अग्निवीर महिला सेना पुलिस तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाईन कॉमन एंट्रेस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून तक होने की संभावना है।

### 1583 छात्राओं को मिलेगा सर्वाइकल से सुरक्षा कवच

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले के शासकीय आश्रमों और छात्रावासों में निवासरत 9 से 14 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए निःशुल्क ह्यूमन पैपिलोमा वायरस एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी। इस महत्वपूर्ण पहल के लिए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला खनिज संस्थान न्यास मद से 26 लाख 60 हजार 400 रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस योजना के अंतर्गत जिले के दूरस्थ क्षेत्रों उदयपुर-धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, तमनार, कापू और लैलूंगा विकासखंड के आश्रम एवं छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं का टीकाकरण किया जाएगा। इन क्षेत्रों की 31 से अधिक ग्राम पंचायतों की कुल 1583 बालिकाएं इस अभियान से लाभान्वित होंगी। इनमें बड़ी संख्या आदिवासी समुदाय की छात्राओं की है, जो दूरस्थ अंचलों से आकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर के लगभग 99 प्रतिशत मामलों का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस होता है। कम आयु में इस वैक्सीन के लगाए जाने से इस गंभीर बीमारी का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। योजना के तहत प्रति बालिका लगभग 1800 रुपए की लागत आएगी, जिसका पूरा व्यय शासन द्वारा वहन किया जाएगा।

### औषधि प्रशासन ने पानी पाउच किया जब्त

**सारंगढ़।** अभिहित अधिकारी भारत भूषण पटेल के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा टेंगनापाली सारंगढ़ में संचालित राधे फ़ूड का निरीक्षण किया गया तथा अनिमियता पाए जाने पर 20 बोरी पानी पाउच जब्ती की गई तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत खाद्य नमूना परीक्षण हेतु लिया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। विभागीय दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शांतनु भट्टाचार्य व खाद्य सुरक्षा अधिकारी वरुण पटेल शामिल थे। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में खाद्य एवं औषधि विभाग के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

### हीरामोती नाग बनीं लखपति दीदी

**रायगढ़।** दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर इंसान हर चुनौती को पार कर सकता है। इसका प्रेरक उदाहरण हैं विकासखण्ड धरमजयगढ़ के ग्राम बांझीआमा, ग्राम पंचायत समनिया की निवासी हीरामोती नाग। बचपन में पोलियो होने के कारण वे पैरों से दिव्यांग हैं, लेकिन उन्होंने कभी अपनी परिस्थितियों को अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। आज वे स्व-सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन गई हैं।

**न्यायालय तहसीलदार रायगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**-:: ईश्तहार ::-**
रा.प्र.क्र.. /3-6/2025-26 ग्राम- जुर्डा तह. व जिला रायगढ़

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अनिता पटेल पति लक्ष्मण प्रसाद पटेल निवासी म.नं. 815 पंचवटी कालोनी, शनि मंदिर के पीछे राजकिशोर नगर लिंगियाडिह बिलासपुर हा.मु. कोटरापाली तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि अनावेदक बरतराम चौहान पिता लोचन चौहान निवासी ग्राम जुर्डा तहसील व जिला रायगढ़ के नाम पर ग्राम जुर्डा तहसील व जिला रायगढ़ में स्थित भूमि खसरा नम्बर 503/3 रकबा 0.243 हे. में से रकबा 10 डिसमिल भूमि को छोड़कर आवेदिका द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16/05/2023 को क्रय किये जाने के कारण आवेदिका के नाम से नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन पर इस न्यायालय में दिनांक 23/03/2028 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**रायगढ़ (छ.ग.)**

### सरिया के महानदी गांव के स्कूल में दी जा रही है व्यवसायिक शिक्षा

# स्वावलंबी बनने की दिशा में छात्र छात्राएं, की मशरूम की खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

आज के समय में सरकारी नौकरी पाना आसान नहीं है। इसीलिए मशरूम उत्पादन जैसे स्वरोजगार भविष्य के लिए बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। इससे घर बैठे अच्छी आय अर्जित की जा सकती है। शासन द्वारा चलाए जा रहे छात्र-छात्राओं के लिए व्यावसायिक शिक्षा वास्तव में आज की मांग है। यह एक अभियान रूप में चलाया जा रहा है, ग्राम पंचायत नदीगांव में व्यवसायिक शिक्षा अध्ययन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

शासकीय मिडिल स्कूल नदीगांव में कक्षा छठवीं से आठवीं के 38 बच्चों ने व्यवसायिक शिक्षा के तहत मशरूम उत्पादन को चुना और यहां प्रशिक्षित किसान के द्वारा स्कूल परिसर में बच्चों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया। जहां सभी बच्चों ने उत्साह के साथ मशरूम उत्पादन की शिक्षा ग्रहण किया और अपने हाथों से मशरूम उत्पादन किया। संस्था की शिक्षिका अनीता प्रधान ने बताया कि छात्र अपने नियमित कक्षा समय के अतिरिक्त मशरूम उत्पादन का कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि कौशल विकास कार्यों को शाला में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है। सरकार के मनसा अनुरूप शिक्षा नीति के तहत इस प्रकार के कौशलों को शिक्षण में स्थान देकर हम छात्रों को स्वावलंबी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।



मशरूम की जानकारी देते स्कूली बच्चे।

**सरपंच को बच्चों ने बताई प्रक्रिया**

सरपंच गौरी शंकर विश्वाल ने छात्रों की मेहनत लगन को करीब से देखा और बच्चों द्वारा की गई मशरूम उत्पादन के संबंध में बच्चों से जानकारी हासिल किया। जहां बच्चों ने सहजता पूर्वक अपने द्वारा किए गए उत्पादित मशरूम के संदर्भ में जानकारी दिए। यहां के छात्र देव यादव ने बताया कि सबसे पहले कच्चे माल को बारीक से कटकर सामग्री बनाया और उसका ट्रीटमेंट किया गया तथा मशरूम का फंगस स्पान डाला गया। तत्पश्चात कुछ ही दिन बाद मशरूम का उत्पादन प्रारंभ हो गया। छात्रों ने बताया कि समाज को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए हम आगे इसी तरह प्रयास करेंगे और आज हमने जो कुछ सीखा हैं। उसे अपने जीवन में व्यवसाय के रूप में अपनाएंगे। व्यावसायिक शिक्षा का अवलोकन सरपंच गौरीशंकर विश्वाल, गजानंद विश्वाल, बलराम विश्वाल आदि गणमान्य नागरिकों ने किया। तथा मशरूम उत्पादन सराहना की।



## टेक्नो कानक्लेव में शामिल हुए 75 सर्विस प्रोवाइडर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जेपीएल डे के अवसर पर मंगलवार को जेपीएल तमनार प्लांट में टेक्नो कानक्लेव का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न मेन्युफैक्चरर कंपनी और सर्विस प्रोवाइडर शामिल हुए। स्टाल में मौके पर मौजूद विभिन्न कंपनियों के जिम्मेदारों ने अपने प्रोडक्ट के निर्माण उसके उपयोग तथा फायदों की जानकारी दी।

पिछले दिनों से जिंदल पावर प्लांट तमनार में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए जा रहे थे। मंगलवार को टेक्नो कानक्लेव का आयोजन किया गया, जिसमें देश भर की बड़ी कंपनियों के लोग शामिल हुए। जेपीएल के एडमिन परिसर में आयोजित इस का,नक्लेव का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के उद्योग जगत के प्रोडक्टए उन प्रोडक्टों के सप्लायर और उनके यूजर्स को एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराना था। इस कानक्लेव में जेपीएल के अलावा अदाणी, वेदांता, एनटीपीसी, कोल इंडिया, जेएसडब्लयू सहित झारखंड से लेकर रायपुर तक के करीब 75 से अधिक उद्योगों से जुड़े कंपनियों के स्टाल लगाए गए थे। साथ ही कानक्लेव में पावर और माइनिंग के अलावा सोशल एक्टिविटि, ऐश डिस्पोजल, अनुशासित ढंग से कोयले के परिवहन, रोड निर्माण उसके मेंटेनेंस पर भी चर्चा की गई।

■ जेपीएल तमनार में उद्योग, सप्लायर और यूजर को प्लेटफार्म उपलब्ध कराने किया गया आयोजन

**एमडी और ईडी ने किया स्टाल का निरीक्षण**

एडमिन परिसर में आयोजित टेक्नो कानक्लेव का निरीक्षण जिंदल पावर प्लांट तमनार के एमडी प्रदीप्तो कुमार मिश्रा और ईडी वेंकटरेड्डी ने किया। उनके साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एमडी श्री मिश्रा और ईडी वेंकटरेड्डी एक. एक स्टाल में गए और वहां की एक्टिविटि को जाना साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी एमडी श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को दिया।

**सीएसआर एक्टिविटि से महिलाओं को मिल रहा रोजगार**

जिंदल पावर प्लांट तमनार द्वारा कार्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटि के तहत प्लांट के अंतर्गत आने वाले गांवों में सीएसआर मद से काम कराए जा रहे हैं। इसके अलावा स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया है। समूह की उन महिलाओं के द्वारा भी स्टाल लगाया गया थाए जिसमें उन्होंने अपने बनाए प्रोडक्ट का प्रदर्शन किया। एमडी श्री मिश्रा और ईडी रेड्डी सर ने महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा करते हुए और बेहतर काम करने की सलाह दी।

## तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी को दी गई विदाई

**चंद्रपुर।** चंद्रपुर तहसील में पदस्थ तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात उनके सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, अधिकारियों तथा गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर उन्हें पुष्पगुच्छ व माल्यार्पण कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि तहसीलदार लक्ष्मीकांत कोरी एक कर्मठ, ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ किया। आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहे तथा शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष तिलेश माली, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री एवं सामाजिक कार्यकर्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## महीनों बीत गए नल में पानी की जगह निकल रही है हवा

**कटेली।** जनपद पंचायत सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम कटेली में मूलभूत सुविधा जैसे पीने की पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस पंचायत में मुख्य मार्ग बाजार चौक में पीने के लिए पानी की व्यवस्था नहीं है, लेकिन पंप और फ्रीजर खराब होने के कारण राहगीरों एवं साप्ताहिक बाजार में हजारों की संख्या में आए महिला, पुरुष, युवा, बच्चे सभी पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बाजार चौक में पानी की व्यवस्था नहीं के बराबर है एक नलकूप है जिसमें खराब पानी निकल रहा है जिससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है बाजार चौक में शौचालय की व्यवस्था भी नहीं है बाजार चौक में श्रीमती पार्वती केजरीवाल के स्मृति पर एक फ्रीजर की स्थापना की गई है वह भी बंद पड़ा हुआ है। बाजार चौक में लगभग दो दर्जन से अधिक दुकानदार एवं आसपास के ग्रामों के ग्राहक आए दिन खरीद बिक्री करने आते जाते हैं। गांव के सरपंच को जानकारी होने के बाद भी अनदेखी की जा रही है। मूलभूत सुविधाओं को लेकर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। सरपंच के कार्य में भारी उदासीनता देखने को मिल रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जल्द सुधार कर पानी की व्यवस्था की जाए अन्यथा उच्च अधिकारियों को शिकायत करने की बात कही जा रही है।




## शिकारियों के घर से मिला सांभर का अवशेष, वन विभाग कर रही जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

गोमर्डा अभ्यारण सारंगढ़ में लगातार कार्रवाई के बाद भी वन्य जीव के शिकार होने की सूचना दिनों दिन बढ़ती जा रही है। वन विभाग द्वारा कार्रवाई तो की जा रही है, लेकिन शिकारी के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि कार्रवाई का भी डर नहीं है। इसी कड़ी में मंगलवार की रात सांभर के शिकार की सूचना मिली तो वन विभाग हरकत में आए और सर्च ऑपरेशन चलाया।

सुबह ग्राम झीलगिटार के समीप कक्ष क्रमांक 943 में एक मृत सांभर का शव बरामद किया गया। जिसके उपरांत गोमर्डा अभयारण्य के डॉग स्क्वाड जूली एवं जस्सी की मदद से सर्च ऑपरेशन को और तेज किया गया। जिसमें दोनों की मदद से झीलगिटार के संदिग्ध घरों की तलाशी ली गई। निरंजन जालंधर बरिहा के घर से जंगली जानवर सांभर के हड्डी एवं बाल बरामद किए गए है। जिसे जब्त कर तत्काल वन अपराध प्रकरण वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की धारा तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया हैं। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सूचना पाकर शिकारी फरार हो गए हैं।

> मृत साभर का अवशेष मिला है अभी जांच चल रही है किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है बहुत जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।
>
> **हीरालाल सर्जल**
> **वन परिक्षेत्र अधिकारी बरमकेला**

## स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड में मनाया गया सुरक्षा सप्ताह

**खरसिया।** स्काई एलॉयज़ एंड पावर लिमिटेड में 55वां सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल उपस्थित रहे और उन्होंने सुरक्षा उपकरणों के उपयोग एवं कार्यस्थल पर सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रबंध निदेशक ने कहा कि किसी भी उद्योग की सफलता केवल उत्पादन पर ही नहीं, बल्कि वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी निर्भर करती है। यदि हम सभी कर्मचारी सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कार्य करेंगे, तो न केवल दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है बल्कि एक सुरक्षित और सकारात्मक कार्य वातावरण भी बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण का सही उपयोग, सतर्कता और समय-समय पर सुरक्षा प्रशिक्षण किसी भी संभावित खतरे से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हम सभी को सेफ्टी फर्स्ट की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। सप्ताहभर चले इस कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों को विभिन्न सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, कार्यस्थल पर सतर्कता और संभावित खतरों से बचाव के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



## बरमकेला में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति चिंताजनक

**5 में 4 भवन जर्जर, कई केंद्र किराए के मकानों में संचालित**

**बरमकेला।** बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और समग्र विकास के लिए बनाए गए आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति बरमकेला क्षेत्र में बेहद चिंताजनक बनी हुई है। जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र में संचालित पाँच आंगनबाड़ी केंद्रों में से चार केंद्र जर्जर अवस्था में हैं। भवनों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि कई जगहों पर आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन मजबूरी में किराए के मकानों में किया जा रहा है। इससे न केवल बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं बल्कि उनके बेहतर शैक्षणिक और मानसिक विकास पर भी प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

आंगनबाड़ी केंद्र देश की समेकित बाल विकास सेवा योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य छोटे बच्चों को पोषणए स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। यहां 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर दिया जाता है, साथ ही गर्भवती महिलाओं और धात्री माताओं को भी पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। लेकिन बरमकेला में इन केंद्रों की वास्तविक स्थिति इस उद्देश्य के विपरीत दिखाई दे रही है। कई आंगनबाड़ी भवन वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके हैं। दीवारों में दरारें, छत से पानी टपकने की समस्या, पर्याप्त जगह की कमी और मूलभूत सुविधाओं का अभाव आम बात बन गई है। ऐसे में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी कार्य संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए कई स्थानों पर केंद्रों को किराए के मकानों में संचालित करना पड़ रहा है। किराए के भवनों में भी पर्याप्त जगह और सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिससे बच्चों के बैठनेए खेलने और पढ़ने की व्यवस्था प्रभावित होती है।




**अभिभावक कर रहे मांग**

कई अभिभावक यह भी मांग कर रहे हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द नए और सुरक्षित आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण कराएए ताकि बच्चों को बेहतर वातावरण में शिक्षा और पोषण मिल सके। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि बच्चों की शिक्षा की शुरुआत ही कमजोर व्यवस्था से होगी तो इसका असर उनके भविष्य पर भी पड़ेगा। नीव अगर कमजोर होगी तो उस पर बनने वाला भवन भी कमजोर ही होगा। इसी तरह यदि आंगनबाड़ी जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों की स्थिति मजबूत नहीं होगी तो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कल्पना करना भी मुश्किल होगा। जर्जर आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत या नए भवनों के निर्माण की दिशा में शीघ्र कदम उठाए, ताकि बच्चों को सुरक्षितए स्वच्छ और बेहतर वातावरण में प्रारंभिक शिक्षा एवं पोषण मिल सके।

## जून माह तक पूरा हो जाएगा नालंदा परिसर मिलेगी आधुनिक अध्ययन की सुविधाएं

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निगम क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि नालंदा परिसर का कार्य लगभग 60 प्ऊसदी पूरा हो चुका है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्य को तेज गति से पूरा करते हुए आगामी जून माह से पहले परिसर को पूरी तरह तैयार किया जाए, ताकि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही विद्यार्थियों को इस आधुनिक एवं सुविधायुक्त परिसर का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर के बनने से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध होगा और शिक्षा के क्षेत्र में जिले को नई सुविधा प्राप्त होगी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा, खेल तथा शहरी अधोसंरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने नालंदा परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने रायगढ़ स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। यहां बनाए जा रहे स्विमिंग पूल और सिंथेटिक ट्रैक की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन दोनों परियोजनाओं को दो माह के भीतर पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की।



**महिलाओं और जरूरतमंदों को मिलेगी बेहतर आवासीय सुविधा**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने चक्रधर नगर पुल के समीप चल रहे निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए डायवर्सन बनाने के निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके। साथ ही पुल के निचले हिस्से में बॉक्स कलवर्ट निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तावित महिला हॉस्टल और ट्रांजिट हॉस्टल के लिए चयनित स्थलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के निर्माण से महिलाओं एवं अन्य जरूरतमंदों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

## बोनस हो गया जमा, निकालने में निकल रहा पसीना

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के पास स्थित अपेक्स बैंक में इन दिनों किसानों को अपने राशि लेने के लिए लंबे कतार में खडा होना पड रहा है और लंबे समय के बाद ही उनको राशि मिल पा रहा है। ज्ञात हो कि लगभग 8 बजे से किसान आकर बैंक में कतार में लग जाते हैं जिसके लिए वे ईट, पत्थर और झोला आदि का सहारा लेते हैं।



बैंक में आए किसानों को एक सीमित राशि मिलने की वजह से उन्हें कई बार आना पड़ता है। वहीं किसानों ने देखा कि बैंक प्रबंधक कभी अपने चेंम्बर में रहते हैं तो कभी स्टाफ की कमी से स्वयं केशियर का काम देखते हैं। इससे पता चलता है कि स्टाफ की कमी है। जानकारी भी दी जा रही है कि अपेक्स बैंक में मात्र 2 ही जिम्मेदार लोग हैं जिनके जरिए लेन देन होता है। ऐसी स्थिति में विलंब होना तो तय है। बताया जाता है कि पुसौर क्षेत्र के सभी सोसायटी अध्यक्ष इसके लिए ज्ञापन सौपने की तैयारी में है। पुसौर सोसायटी अध्यक्ष घनश्याम पटेल ने कहा कि पुसौर अपेक्स बैंक में अब तक सभी लेन देन पारदर्शिता पूर्ण ढंग से संपन्न होता रहा है। यदि स्टाफ की वजह से कहीं कोई आर्थिक अनियमितता होती है तो बैंक के छवि पर दाग लग सकता है।




